बाइक स्टंट और मॉडिफाइड साइलेंसर पर पुलिस सख्त

खास बातें

- दो युवकों पर 5000 का चालान
- सड़क सुरक्षा को लेकर कोतवाली पुलिस की कार्रवाही



नवभारत न्यूज

विदिशा 10 अप्रैल,जिले में कानून व्यवस्था और सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी तरह सतर्क है. इसी क्रम में कोतवाली थाना क्षेत्र में बाइक स्टंट और मॉडिफाइड साइलेंसर के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई है. पुलिस ने दो युवकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्रवाई करते हुए 5000 का जुर्माना लगाया.

सूचना के अनुसार देर रात दो युवक बुलेट मोटरसाइकिल पर खतरनाक स्टंट कर रहे थे और वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर का उपयोग कर रहे थे, जिससे तेज आवाज निकल रही थी. यह गतिविधि न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन थी, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी खतरा बन रही थी.सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों युवकों की पहचान कर उन्हें थाने बुलाया. जांच में वाहन में मॉडिफाइड साइलेंसर पाया गया और अन्य यातायात नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई. इसके बाद पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 5000 का चालान किया.

गलती की स्वीकार, मांगी माफी

अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे, नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह एवं थाना प्रभारी आनंद राज द्वारा किया गया.पूछताछ के दौरान दोनों युवकों ने अपनी गलती स्वीकार की और माफी मांगी. पुलिस ने उन्हें सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां कानूनन अपराध हैं और भविष्य में इस पर और कठोर कार्रवाई की जाएगी.विदिशा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और किसी भी प्रकार के खतरनाक स्टंट या अवैध वाहन संशोधन से बचें.

अपने हुए बेरहम, नवजात बच्ची को सूखे कुएं में फेंक फरार



पुलिस की तत्परता से बची जान, ग्रामीण की सतर्कता से हुआ खुलासा

मासूम को सुरक्षित निकाला गया



नवभारत न्यूज

कुरवाई 10 अप्रैल, इंसानियत और मानवता को शर्मसार कर देना वाला मामला कुरवाई क गांव तमोईया पाराशरी से सामने आया है.यहां पर अपने ही इतने बेरहम हो गये कि एक मौसम नवजात बच्ची को सूखे कुए में फेंक कर चले गये. बच्ची न जाने कब से इस सूखे कुए में जिंदगी और मौत की जंग लड़ती रही.भला हो उन गांव वालों का जिन्होंने कुए के पास से गुजरने दौरान बच्ची की आवाज सुनी और तत्परता दिखाते हुये बच्ची को कुऐ से बाहर निकालने के साथ पुलिस टीम को सूचना दी.

पुलिस ने भी मामले की गंभीरता को देखते हुये मौके पर पहुंचकर तत्काल बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर उसका इलाज कराया. अब बच्ची स्वस्थ्य बतायी जा रही है.अब पुलिस ने इस बात जोर दिया है कि कौन इस बच्ची को यहां पर इस हाल में छोड़कर गया था उस हाल में तलाश करने की मुहिम छेड़ दी है.

मानवता को शर्मसार करने वाला एक मामला कुरवाई थाना क्षेत्र के ग्राम तमोईया पाराशरी से सामने आया है, जहां अज्ञात व्यक्ति एक दिन की नवजात बच्ची को सूखे कुएं में फेंककर फरार हो गया.घटना का खुलासा तब हुआ जब एक ग्रामीण कुएं के पास से गुजर रहा था. उसे कुएं के अंदर से नवजात के रोने की आवाज सुनाई दी, जिसके बाद उसने तुरंत पुलिस को सूचना दी.सूचना मिलते ही थाना प्रभारी पंकज गीते पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और बिना देर किए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर मासूम को सुरक्षित बाहर निकाला. इसके बाद थाना प्रभारी स्वयं बच्ची को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे.डॉक्टर कुलदीप सिंह दांगी द्वारा बच्ची का प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. डॉक्टरों के अनुसार नवजात पूरी तरह स्वस्थ है, हालांकि बेहतर देखभाल के लिए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया है.थाना प्रभारी पंकज गीते ने बताया कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि किसी ने मासूम को इस तरह मरने के लिए छोड़ दिया. पुलिस अज्ञात आरोपियों की तलाश में जुट गई है और मामले की जांच की जा रही है.ग्रामीणों ने पुलिस की तत्परता की सराहना की, जिससे एक मासूम की जान बच सकी.

हत्या के छह दोषियों को आजीवन कारावास

नवभारत न्यूज

कुरवाई,अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम ने हत्या के एक मामले में छह आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है. न्यायालय ने प्रत्येक दोषी पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है.दोषियों में राजा बाबू दांगी, लीलाधर दांगी, कुंवर सिंह दांगी, रविंद्र दांगी, नारायण सिंह दांगी और प्रेम सिंह पटेल (ग्राम जाजपोन, थाना पठारी, जिला विदिशा) शामिल हैं.सहायक शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र सिंह दांगी के अनुसार घटना 15 अप्रैल 2020 की है. फरियादी अरविंद यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि आरोपियों ने एक राय होकर उसके छोटे भाई विश्वनाथ यादव पर जानलेवा हमला किया था.चश्मदीद गवाह शुभम यादव ने बताया कि सभी आरोपी लाठी, लोहे की टमी और पत्थरों से बेरहमी से पिटाई कर रहे थे. गंभीर रूप से घायल विश्वनाथ यादव की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई.पठारी पुलिस ने अपराध क्रमांक 48/2020 के तहत धारा 147, 148, 149 एवं 302 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया था.साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर न्यायालय ने सभी आरोपियों को दोषी मानते हुए आजीवन कारावास एवं अर्थदंड की सजा सुनाई.

एसएटीआई पॉलिटेक्निक कर्मचारियों की हड़ताल चौथे दिन भी जारी

वेतन न मिलने से कर्मचारियों में आक्रोश, परीक्षा बहिष्कार की चेतावनी

नवभारत न्यूज

विदिशा 10 अप्रैल, एसएटीआई पॉलिटेक्निक संस्थान के कर्मचारियों की वेतन न मिलने की समस्या को लेकर जारी हड़ताल चौथे दिन भी जारी रही. वेतन संकट से परेशान कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी रखा है.

वेतन संकट के समाधान के लिए कर्मचारियों ने पूर्व वित्त मंत्री राघव जी भाई, विधायक श्री मुकेश टंडन एवं नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री राकेश शर्मा से मुलाकात की और अपनी समस्याएं रखीं. सभी जनप्रतिनिधियों ने संबंधित अधिकारियों से बात कर शीघ्र समाधान कराने का आश्वासन दिया.पूर्व वित्त मंत्री राघव जी भाई ने प्रदेश के वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा एवं संस्था प्रबंधन के सदस्यों से चर्चा कर वेतन संकट को जल्द दूर करने का आग्रह किया.कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द वेतन समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे आगामी परीक्षाओं का बहिष्कार करेंगे. उनका कहना है कि लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उन्हें गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है.



गज सिंह वाहिनी वेयर हाउस पर तुलाई केंद्र का शुभारंभ, किसानों में हर्ष

नवभारत न्यूज

कुरवाई,ग्राम भौंरासा स्थित गज सिंह वाहिनी वेयर हाउस पर नए तुलाई केंद्र का विधिवत शुभारंभ किया गया. इस केंद्र का उद्घाटन क्षेत्रीय जनपद सदस्य विनय सिंह लोधी द्वारा किया गया. केंद्र के शुरू होने से क्षेत्र के किसानों में खुशी और उत्साह का माहौल है.

शुभारंभ अवसर पर कृषि विस्तार अधिकारी सुरभि राठौर, आशुतोष आर्य, किसान प्रतिनिधि कैलाश चौहान सहित क्षेत्र के कई गणमान्य किसान एवं वेयर हाउस की टीम उपस्थित रही.कार्यक्रम के दौरान जनपद सदस्य विनय सिंह लोधी ने वेयर हाउस संचालक एवं टीम को निर्देश दिए कि केंद्र पर आने वाले किसी भी किसान को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश सरकार किसानों के हित में निरंतर कार्य कर रही है और इस वर्ष को किसान कल्याण वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है.उन्होंने किसानों से अपील की कि वे 11 से 13 अप्रैल तक आयोजित होने वाले आगामी किसान सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं.

नगर परिषद कुरवाई कर्मचारियों को 6 माह से नहीं मिला वेतन

13 अप्रैल से अनिश्चितकालीन काम बंद हड़ताल की चेतावनी



नवभारत न्यूज

कुरवाई, नगर परिषद कुरवाई के कर्मचारियों ने पिछले 6 से 7 महीनों से वेतन भुगतान न होने के विरोध में मोर्चा खोल दिया है. अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे कर्मचारियों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर 13 अप्रैल 2026 से अनिश्चितकालीन 'काम बंद हड़ताल' पर जाने की चेतावनी दी है.

कर्मचारियों का कहना है कि लंबे समय से वेतन न मिलने के कारण उनके परिवार आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं. स्थिति यह हो गई है कि दुकानदारों ने राशन देना बंद कर दिया है, बच्चों का इलाज समय पर नहीं हो पा रहा है और स्कूल फीस जमा न होने के कारण उनकी पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है.कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा है कि जब तक लंबित वेतन का पूर्ण भुगतान नहीं किया जाता, तब तक वे कार्य पर वापस नहीं लौटेंगे. उन्होंने यह भी बताया कि यह हड़ताल पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से की जाएगी.इस संबंध में दिए गए पत्र की प्रतिलिपि स्थानीय विधायक, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), नगर परिषद अध्यक्ष, थाना प्रभारी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों को भी भेजी गई है.अब देखना होगा कि प्रशासन इस गंभीर चेतावनी के बाद कर्मचारियों के वेतन भुगतान को लेकर क्या ठोस कदम उठाता है, ताकि नगर की सफाई व्यवस्था और अन्य सेवाएं प्रभावित न हों.

भोपाल पुलिस की गंजबासौदा में छापामार कार्रवाई, मकान से युवतियां हिरासत में ली गईं

- स्थानीय पुलिस कर रही मामले की जांच, मकान की जानकारी जुटाई जा रही है

नवभारत न्यूज

गंजबासौदा,नगर के बरेठ रोड स्थित सुभाष निकेतन स्कूल गली में भोपाल पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक मकान से भोपाल से आई कुछ युवतियों को हिरासत में लिया है. पुलिस टीम युवतियों को अपने वाहन में बैठाकर साथ ले गई.जानकारी के अनुसार, यह कार्रवाई अचानक की गई, जिससे क्षेत्र में हलचल मच गई. घटना के बाद स्थानीय पुलिस को औपचारिक रूप से कोई लिखित सूचना नहीं दी गई है. फिलहाल मामले की जानकारी जुटाई जा रही है.सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने बताया कि भोपाल पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर अभी तक स्थानीय पुलिस को कोई लिखित विवरण प्राप्त नहीं हुआ है. संबंधित मकान किसका है, इसकी भी जांच की जा रही है.पुलिस पूरे मामले की तहकीकात में जुटी हुई है और आगे की जानकारी भोपाल पुलिस से मिलने के बाद स्थिति स्पष्ट हो सकेगी.

विदिशा में 11 से 16 अप्रैल तक जिनश्रुत अवगाहन शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज

विदिशा, विदिशा में 11 अप्रैल से 16 अप्रैल तक जिनश्रुत अवगाहन शिविर का आयोजन किया जा रहा है. प्रवक्ता डॉ. मक्खन लाल जैन ने बताया कि इस धार्मिक समागम का मुख्य आकर्षण बाल ब्र. पं. सुमतप्रकाश रहेंगे. उनके साथ चर्चित शास्त्री और महेंद्र भैया सहित कई विद्वानों के प्रवचन एवं स्वाध्याय का लाभ श्रद्धालुओं को मिलेगा.शिविर के अंतर्गत प्रतिदिन विभिन्न समय पर प्रवचन आयोजित किए जाएंगे. प्रात: 8.15 बजे चर्चित शास्त्री, 8.45 बजे पं. सुमतप्रकाश के प्रवचन श्री शीतलनाथ दि. जैन बड़ा मंदिर परिसर में होंगे. दोपहर 3 बजे महेंद्र भैया तथा 3.30 बजे पं. सुमतप्रकाश के प्रवचन होंगे. रात्रि 8.15 बजे चर्चित शास्त्री का प्रवचन श्री शांतिनाथ दि. जैन मंदिर स्टेशन में आयोजित होगा.

विधायक टंडन ने शालू को आवास का प्रमाण पत्र सौंपा

- बिटिया शालू को राजीव आवास में घर सौंपा गया, भावुक क्षण में विधायक ने दी चाबी



नवभारत न्यूज

विदिशा,एक संवेदनशील और भावनात्मक क्षण में बिटिया शालू राजपूत को राजीव आवास योजना के अंतर्गत उनके सपनों का स्वयं का घर सौंपा गया. इस अवसर पर विदिशा विधायक मुकेश टंडन ने उन्हें आवास की सुपुर्दगी का प्रमाण पत्र प्रदान किया.

विधायक मुकेश टंडन ने बताया कि लगभग 9 वर्ष पूर्व एक दुखद घटना में शालू अपने पिता स्व. जसवंत सिंह राजपूत के असामयिक निधन के बाद अनाथ हो गई थीं. कठिन परिस्थितियों में कुछ समय तक वह दादा-दादी के साथ रहीं, लेकिन उनके निधन के बाद समाजसेवी उदयपाल चंदेल ने उन्हें स्नेहपूर्वक गोद लेकर संरक्षण दिया.उन्होंने बताया कि उस समय नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में दायित्व निभाते हुए जब उन्हें इस बच्ची की स्थिति की जानकारी मिली, तब राजीव आवास योजना के अंतर्गत उसे आवास उपलब्ध कराने के साथ अपने निजी संसाधनों से आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया गया.आज उसी प्रयास का परिणाम सामने आया, जब बिटिया शालू को उसका अपना घर सौंपा गया. इस अवसर पर विधायक ने कहा कि सेवा और संवेदनशीलता के प्रयास किसी भी व्यक्ति का जीवन बदलने की शक्ति रखते हैं.शालू अब आत्मनिर्भर और सशक्त भविष्य की ओर अग्रसर है. कार्यक्रम में यह भी संकल्प लिया गया कि समाज में ऐसे बच्चों के लिए सहयोग और संरक्षण की भावना निरंतर बढ़नी चाहिए.इस अवसर पर विधायक मुकेश टंडन, उदयपाल सिंह चंदेल, दिनेश कुशवाहा, अखिलेश राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

विधायक ने 'संकल्प से समाधान' अभियान में सुनीं समस्याएं

अटारीखेजड़ा में आयोजित जनसुनवाई में कई समस्याओं का मौके पर हुआ निराकरण



नवभारत न्यूज

अटारीखेजड़ा, शुक्रवार को ग्राम पंचायत अटारीखेजड़ा के सामुदायिक भवन में विधायक मुकेश टंडन द्वारा 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत जनसुनवाई आयोजित की गई. इस दौरान ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया. कुछ मामलों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए गए.

जनसुनवाई में नल-जल योजना, सड़क, नाली, बिजली बिल एवं कर्मचारियों की लापरवाही से संबंधित आवेदन प्रमुख रूप से प्राप्त हुए. विधायक ने मौके पर ही कई समस्याओं का समाधान कराया.इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी शशि मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जितेंद्र जैन, तहसीलदार पलक पीडीहा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एसडीओ प्रताप ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने विधायक के निर्देश पर समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया.कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि बृजेश लोधी, सरपंच संघ अध्यक्ष रामराज दांगी, क्लस्टर स्तर के सरपंच, सचिव, ग्राम रोजगार सहायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

9 से 23 अप्रैल तक मनाया जा रहा आठवां पोषण पखवाड़ा

नवभारत न्यूज

विदिशा, पोषण अभियान के अंतर्गत जिले में आठवां पोषण पखवाड़ा 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक आयोजित किया जा रहा है.यह आयोजन कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन मे किया जा रहा है.महिला एवं बाल विकास विभाग, भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार इस वर्ष पखवाड़े की मुख्य थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित की गई है. पखवाड़े के दौरान प्रथम आयोजित गतिविधि मे मातृ एवं शिशु पोषण अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की देखभाल, प्रसव पूर्व जांच और संतुलित आहार, सुरक्षित प्रसव के संबंध में आगनवाड़ी केंद्रों पर समुदाय से चर्चा की गई.

पंजीयन में शुल्क अपवंचन पर सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

विदिशा, जिले में पंजीयन विभाग द्वारा शुल्क अपवंचन के मामलों पर सख्त रुख अपनाते हुए एक प्रकरण में त्वरित कार्रवाई की गई है. वरिष्ठ जिला पंजीयक श्रीमती क्षिप्रा सेन ने बताया है कि शिकायतकर्ता श्रीमती सरोज मिश्रा (रूपांतरित नाम) की शिकायत पर यह तथ्य सामने आया कि एक मंजिला/दो मंजिला निर्मित मकान को भूखंड के रूप में दर्शाकर 18 मार्च 2026 को दस्तावेज का पंजीयन कराया गया था.शिकायत प्राप्त होते ही विभाग द्वारा तत्परता से तथ्यात्मक जांच एवं स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें शुल्क अपवंचन की पुष्टि हुई। इसके आधार पर संबंधित पंजीकृत दस्तावेज के विरुद्ध भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 की धारा 48(ख) के अंतर्गत प्रकरण कायम कर वसूली की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है.

मुजीव खान बने कार्यकारी अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

विदिशा,प्रदेश मुख्यालय भोपाल में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान संगठन विस्तार करते हुए श्रमजीवी पत्रकार संघ की विदिशा जिला इकाई के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई. यह नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष शलभ भदौरिया के निर्देशानुसार एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व भोपाल संभाग प्रभारी दिलीप सिंह भदौरिया की अनुशंसा पर की गईं. घोषणा के अनुसार डॉ. शैलेन्द्र कटरिया को जिला अध्यक्ष, मुजीव खान निवासी लटेरी को जिला कार्यकारी अध्यक्ष तथा सुधाकर राव निवासी मोघे कुरवाई को जिला महासचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई.इस अवसर पर प्रदेश मुख्यालय भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश कोषाध्यक्ष शिशुपाल सिंह तोमर, छानबीन समिति के प्रदेश संयोजक शरल भदौरिया एवं सह संयोजक दया प्रसाद विशेष रूप से उपस्थित रहे.कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार एम जेड खान, शान मियां, योगेंद्र सिंह तोमर, आकाश सोनी एवं केशर खान की भी उपस्थिति रही.

अवैध रेत उत्खनन मामले में सख्त कार्रवाई, 15 .37 लाख की वसूली हेतु मशीनरी राजसात

कलेक्टर व जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय के आदेश पर जब्त सामग्री की होगी नीलामी

नवभारत न्यूज

विदिशा,अवैध रेत उत्खनन मामले में जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है. कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय द्वारा 15.37 लाख रुपये की वसूली हेतु मशीनरी राजसात करने एवं नीलामी के निर्देश जारी किए गए हैं.

प्रकरण क्रमांक 0014/ए-67/2025-26 में दर्ज मामले के अनुसार सानिका पत्नी रघुराज द्विवेदी बनाम जिला खनिज अधिकारी, म.प्र. शासन के अंतर्गत यह कार्रवाई की गई है.प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 दिसंबर 2019 को ग्राम विशनपुर, तहसील कुरवाई में राजस्व, पुलिस एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की गई थी. इस दौरान एक पोकलेन मशीन, एक नाव (पंटून), एक डंपर एवं अवैध रूप से उत्खनित रेत जब्त की गई थी.कार्यवाही के बाद रघुराज द्विवेदी निवासी बीना पर 15 लाख 37 हजार 500 रुपये का अर्थदंड लगाया गया था, जिसे संबंधित द्वारा जमा नहीं किया गया.कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने मामले को गंभीरता से लेते हुए वसूली हेतु कड़ी कार्रवाई के आदेश दिए हैं. साथ ही 09 अप्रैल 2026 को जब्त सामग्री को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है.उपखंड अधिकारी कुरवाई एवं जिला खनिज अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं कि सात दिवस के भीतर मशीनरी की विधिवत नीलामी प्रक्रिया पूर्ण कर बकाया राशि की वसूली सुनिश्चित की जाए.

विकास पचौरी रेडियो
84 35 250 250
मोबाइल के प्ले स्टोर पर
Vikas Pachori Radio
टाइप करके इंस्टॉल कीजिए
और लगातार 24 घण्टे
आनंद लीजिए.

निरीक्षण कारण बताओ नोटिस जारी, विदिशा में बीईओ की कार्रवाई, लापरवाही पर सख्त रुख

औचक निरीक्षण में तीन स्कूल बंद, पूरे स्टाफ का वेतन काटा

नवभारत न्यूज

विदिशा,जिले के ग्रामीण अंचलों में शैक्षणिक व्यवस्था की वास्तविक स्थिति जानने के लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रकांत त्यागी एवं उनकी टीम द्वारा 10 अप्रैल 2026 को विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं.

निरीक्षण में हाईयर सेकेंडरी स्कूल हांसुआ, मिडिल स्कूल हांसुआ एवं प्राथमिक स्कूल कछवा पूर्णत: बंद पाए गए. इन संस्थानों में न तो कोई शिक्षक या भृत्य मौजूद था और न ही छात्र-छात्राएं परिसर में दिखाई दिए. इससे विद्यालय संचालन व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं.वहीं प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय मदनखेड़ी सुव्यवस्थित रूप से संचालित पाए गए. प्राथमिक विद्यालय रूसला में दोनों शिक्षक उपस्थित थे, हालांकि छात्रों की उपस्थिति शून्य पाई गई. हाई स्कूल कराखेड़ी का संचालन व्यवस्थित मिला, जबकि माध्यमिक शिक्षिका कल्पना ढाकड़ अनुपस्थित रहीं.

इसके अतिरिक्त प्राथमिक विद्यालय धतुरिया में शिक्षकों द्वारा उपस्थिति पंजी पर हस्ताक्षर न किए जाने की लापरवाही भी सामने आई. दूसरी ओर माध्यमिक विद्यालय धतुरिया एवं प्राथमिक विद्यालय मिजरापुर का संचालन संतोषजनक पाया गया, जहां मध्याह्न भोजन भी निर्धारित मेन्यू के अनुसार वितरित किया जा रहा था.निरीक्षण के बाद तीनों बंद पाए गए विद्यालयों के संपूर्ण स्टाफ का एक दिन का वेतन काटने की कार्रवाई की गई है तथा संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं.बीईओ चंद्रकांत त्यागी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी स्तर की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और भविष्य में भी इस प्रकार के औचक निरीक्षण लगातार जारी रहेंगे.